हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 तारणगिरी गुफा को क्षतिग्रस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग



09 सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ. ए.के. जैन को दो विशिष्ट सम्मान



## रोशनी से जगमगाए पंडाल, आज से शुरू हो जाएंगे धार्मिक आयोजन और भजन संध्या










**विदिशा।** शहर में नवरात्रि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा पंडाल पूरी तरह से सजकर तैयार हो गए हैं। रोशनी से जगमग इन पंडालों में अब धार्मिक आयोजन शुरू होंगे। तीन दिनों तक झांकी पंडालों में भजन संध्या, जगराते के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके लिए बड़े पंडालों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। 20 तारीख को दशहरे का पर्व मनाया जाएगा। जैन कॉलेज ग्राउंड में रावण दहन होगा और रात में शहर के मुख्य मार्गों से चल समारोह निकाला जाएगा, जो रातभर चलता है। चल समारोह में झांकियां देखने ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग विदिशा में आकर रुकते हैं।

### खबर संक्षेप

#### कलेक्टर और एसपी ने आदिवासी बालक आश्रम शाला का किया निरीक्षण

**लटेरी।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय आदिवासी बालक आश्रम शाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, आवास, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई व दैनिक सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने भंडार कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, शौचालय और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### सचिन प्रवक्ता, शैलेंद्र सह प्रवक्ता, विवेक सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

**विदिशा।** अनाज तिलहन व्यापार







उत्थान कल्याण संघ के प्रवक्ता, सह प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। संघ द्वारा सचिन साहू को प्रवक्ता, शैलेंद्र पीतलिया को सह प्रवक्ता, विवेक सांवला को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

#### आयुक्त ने आश्रमशाला का निरीक्षण किया

**विदिशा।** जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त तरुण राठी ने शुक्रवार को जिले की जनजातीय संस्थाओं का निरीक्षण कर शासकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या प्राथमिक आश्रमशाला में छात्राओं से संवाद कर पढ़ाई, भोजन, रहन-सहन और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। आयुक्त ने पुस्तकालय, रसोईघर, शयन कक्ष और अधीक्षक कार्यालय सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, अनुशासन और छात्राओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही आश्रमशाला की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी और छात्राओं की सुरक्षा व बेहतर देखरेख सुनिश्चित करने के लिए अधीक्षक को आश्रमशाला में ही रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए।

#### कलेक्टर ने जिलाबदर आदेश जारी किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी कर दिए हैं। विभिन्न अपराधों में लिप्त अनावेदक गोपाल कुशवाह पिता अनंत कुशवाह ग्राम लगधा थाना त्योंदा जिला विदिशा के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही तीन माह के लिए की गई है। उक्त अवधि में विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से तीन माह की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किया गया है।

### पड़ताल: शिक्षक और शासन दोनों का अंश जुड़ रहा, टोटल गड़बड़

## शिक्षकों के एनपीएस अकाउंट से लाखों रु. गायब, बढ़ने की जगह घट रही जमा पूंजी

***जिलेभर के शिक्षकों के एनपीएस खातों में जमा पूंजी गायब हो रही है। पैसा कहां जा रहा है यह बात न तो शिक्षकों को समझ आ रही और न ही अधिकारी कुछ बता पा रहे। शिक्षकों के एनपीएस खाते में शिक्षक के वेतन से कटी राशि और शासन द्वारा दी गई राशि जोड़कर पैसा जमा किया जाता है यह पैसा शिक्षकों की सेवाअवधि पूर्ण होने पर उन्हे एकमुस्त मिलता है। शिक्षकों की पेंशन तो बंद कर ही दी गई है अब उनके एनपीएस खाते से भी राशि गायब होने लगी है। जिलेभर के सैकड़ों शिक्षकों के साथ ऐसा हो रहा है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हरिभूमि पड़ताल

हर महीने की तरह इस माह भी अक्टूबर माह में जिलेभर के शिक्षकों के खातों में वेतन पहुंचा। शिक्षकों के वेतन में से जितनी राशि कटती है उतनी ही राशि सरकार मिलाकर शिक्षकों के एनपीएस एकाउंट में जमा की गई। जिसके मैसेज शिक्षकों के पास जैसे ही पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। उनके एनपीएस खाते में राशि जमा होने के बाद बैलेंस बढ़ने की बजाय कम हो गया। वर्ष 2010 से पहले वाले शिक्षकों के खातों से 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक कम हुए हैं। वहीं नई नियुक्तियों वाले शिक्षकों के खातों से 5 हजार से 30-40 हजार तक एनपीएस खाते से कम हुए हैं। पूरे मामले की पड़ताल की गई तो पता चला की सैकड़ों की संख्या में शिक्षक ऐसे हैं जिनके एनपीएस खाते के बैलेंस गड़बड़ आ रहा है। ऐसा क्यों हुआ यह बात वरिष्ठ अधिकारी भी नहीं बता पा रहे। एनपीएस खातों में के बैलेंस में अचानक आई कमी से शिक्षक हैरान हैं और यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

#### इनकी भी राशि कम

हीरालाल यादव, जगमोहन यादव प्राथमिक शिक्षक बेरखेड़ी घाट, तोरण सिंह अहिरवार प्राथमिक शिक्षक भैरोंबाग, पुष्पेंद्र राजपूत प्राथमिक शिक्षक पट्टन, महेंद्र साहू प्राथमिक शिक्षक बींझ, फूल सिंह कुशवाह प्राथमिक शिक्षक लाड़पुर, अतुल तिवारी शासकीय प्राथमिक शिक्षक गोरियाखेड़ा, हरिओम सेन प्राथमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला गढ़ला सहित ऐसे सैकड़ों शिक्षक हैं जिनके एनपीएस एकाउंट से राशि कम हुई है।

#### ज्ञापन के बाद धरना प्रदर्शन की तैयारी

अहमदपुर माध्यमिक शाला के शिक्षक शंभू सिंह अहिरवार ने बताया कि 50 से 60 हजार रुपए कम हुए हैं। पता ही नहीं चल रहा राशि कहां चली गई। रमेश राय प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खैराई ने बताया कि एनपीएस खाते से लगभग 58 हजार रुपए कम हो गए। इस मामले को लेकर अब शिक्षक ज्ञापन और धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।

#### खाते से गायब हो गए 46 हजार रुपए

विकासखंड नटेरन के बेलानारा प्राथमिक स्कूल के शिक्षक रामस्वरूप कुशवाह के एनपीएस खाते से करीब 46 हजार रुपए गायब हो गए। 4 सितंबर को उनके पास एनपीएस खाते में राशि जुड़ने का मैसेज आया। 20 हजार 818 रुपए जुड़े। कुल रकम 24 लाख 15 हजार 19 रुपए हो गई। 5 अक्टूबर को फिर इतनी ही राशि जुड़े लेकिन योग 23 लाख 89 हजार 872 रुपए रह गया। खाते से 46 हजार रुपए कम हुए।

#### शिकायत नहीं आई

यदि शिक्षकों के एनपीएस अकाउंट से राशि गायब हुई है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जिन भी शिक्षकों के साथ ऐसा हुआ है वह मैसेज को संभालकर रखें और आवेदन अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी के यहां जमा करें। जिसके आधार पर एनपीएस शाखा में प्रकरणों की जांच कराई जाएगी। वैसे राशि ऑनलाइन ही कटती है और ऑनलाइन ही जमा होती है। अभी तक हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। - **एनके अहिरवार,** जिला शिक्षाधिकारी विदिशा।

#### अघोषित कटौती के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सुधर नहीं हुआ तो किसानों के साथ घेराव की दी चेतावनी**

**नटेरन।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शरद शर्मा ने विद्युत कर्मचारियों के व्यवहार और बिजली कटौती से हो रही परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो किसानों के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी विद्युत मंडल का घेराव करेगी। इस दौरान रमेश तिवारी, देवेंद्र शर्मा, अनुज यादव, रघुवीर दीक्षित, नीलेश रघुवंशी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

#### स्वामित्व रजिस्ट्री में कुरवाई अव्वल, जिले की 36% रजिस्ट्री यहीं हुईं

**विदिशा।** मुख्यमंत्री स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 अभियान में कुरवाई अनुभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले में अब तक हुई 963 रजिस्ट्री में से 340 अकेले कुरवाई में हुई हैं, जो कुल रजिस्ट्री का करीब 36 प्रतिशत है। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार के निर्देशन में पटवारी सुबह 6 बजे से गांवों में पहुंचकर अभिलेखों का सत्यापन और हितग्राहियों से संपर्क कर रहे हैं। एसडीएम भी नियमित मैदानी निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करा रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य शेष पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्री समय-सीमा में पूरी कराना है।

## त्योहारों से पहले होटलों में खाद्य पदार्थों की जांच शुरू

### हवेली होटल से 6 और सायाजी से 2 नमूने लिए



**विदिशा।** हवेली रेस्टोरेंट पहुंचकर टीम ने जांच के लिए नमूने एकत्रित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- रेलवे स्टेशन के पास संचालित होटलों में गंदगी के बीच परोसा जाता है गुणवत्ताहीन खाना, लेकिन यहां नहीं होती जांच।

त्योहारों से पहले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटलों में जांच अभियान चलाया। शुक्रवार को विभाग की टीम ने शहर के हवेली होटल और सायाजी होटल सहित अन्य स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य निरीक्षक कुदेशिया खान ने बताया कि हवेली होटल से 5-6 और सायाजी होटल से 2 नमूने लिए गए हैं। इनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। हालांकि यह दोनों ही संचालक गुणवत्ता युक्त भोजन के लिए जाने जाते हैं।

#### त्योहारों में तेज होगा जांच अभियान

अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने की यह कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार, त्योहारों के दौरान जांच अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। होटल संचालक विनीत दांगी ने विभाग की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

## लटेरी में छह वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 83 हजार रुपए वसूले

### एक यात्री बस जब्त, सुरक्षा मानकों की जांच



**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को लटेरी में जिला परिवहन विभाग ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले छह वाहन मिले। इनमें से पांच वाहनों से 83 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला गया, जबकि एक वाहन जब्त कर पुलिस थाना लटेरी में सुरक्षार्थ रखा गया। जांच के दौरान स्कूल बसों और यात्री बसों के सुरक्षा मानकों की विशेष रूप से जांच की गई। नियम विरुद्ध संचालन पाए जाने पर एक यात्री बस को भी जब्त किया गया।

#### 17 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार कार भी की गई जब्त

**शमशाबाद।** शमशाबाद पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ग्राम पिपलधार और भैरोबाग के बीच नहर की पुलिया के पास स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी में 17 पेटी देशी मसाला शराब बरामद की। इसमें 850 क्वार्टर, कुल 153 बल्क लीटर शराब शामिल है। जब्त शराब की कीमत 1.02 लाख रुपए और कार की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी देवेंद्र लवेरिया के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस शराब के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## स्कूल में मासूम बच्चों से कराई मजदूरी, शिक्षक ने हाथों में कलम की जगह थमा दिया तगाड़ी और छन्ना!

### प्राथमिक शाला लोहर्रा में शौचालय की मरम्मत के दौरान बच्चों से रेत छानने तगाड़ी ढोने और काम कराने के आरोप, अतिथि शिक्षक स्कूल से थे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

शिक्षा के मंदिर में जहां मासूम बच्चों के हाथों में कलम और किताबें होनी चाहिए, वहीं यदि उन्हीं हाथों से रेत छानने, तगाड़ी ढोने और सीमेंट का काम कराया जाए, तो यह शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

ऐसा ही एक मामला ग्यारसपुर शिक्षा केंद्र के अंतर्गत संकुल हैदरगढ़ की प्राथमिक शाला लोहर्रा से सामने आया है। प्राथमिक शाला लोहर्रा के प्रभारी शिक्षक हरदयाल



गौर विद्यालय के शौचालय की मरम्मत का कार्य स्वयं मिस्त्री के साथ कर रहे थे। इस दौरान कक्षा तीन में पढ़ने वाले लगभग 8 से 10 वर्ष की उम्र के मासूम बच्चों से भी मजदूरी कराई जा रही थी। मौके पर बच्चे रेत को छन्ने से छानते, तगाड़ी में भरकर ढोते और निर्माण कार्य के लिए तैयार करते दिखाई दिए।

जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद और अपने भविष्य को संवारने पर ध्यान देना चाहिए, उस उम्र में उनसे निर्माण कार्य कराना बेहद चिंताजनक है। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है, न कि उनसे मजदूरी कराने की। यदि बच्चों से इस प्रकार काम कराया गया है, तो यह मामला जांच का विषय है।

#### कक्षा में पढ़ाई की स्थिति पर भी सवाल

मौके पर कक्षा में शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हुए दिखाई नहीं दिए। विद्यालय में पदस्थ अतिथि शिक्षक भी मौके पर मौजूद नहीं मिले। विद्यालय में कुल 30 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई होनी चाहिए, तब निर्माण कार्य में उनकी भागीदारी क्यों कराई जा रही थी। इस संबंध में जब एसडीएम शशि मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि में इस मामले की जांच कर कार्रवाई करूंगी।

### शहर के अंदर मुख्य मार्गों पर बढ़ता जा रहा स्थाई अतिक्रमण

## बायपास से दुर्गानिगर चौराहे तक अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में न्यायालय के आदेश पर चार विभागों की संयुक्त टीम ने अहमदपुर हाईवे बायपास से दुर्गानगर चौराहे तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखी गुमटियां और अस्थायी दुकानें हटाई गईं।

अतिक्रमण से संबंधित सामान जब्त करने के साथ चालान भी काटे गए। अभियान में नगरपालिका, पुलिस, खाद्य और आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। खाद्य विभाग ने खाने-पीने की चीजों के सैंपल भी लिए। टीम ने सड़क किनारे रखी गुमटियों और अस्थायी दुकानों को हटाकर अतिक्रमण से जुड़ा सामान जब्त किया।

#### सड़कें संकरी होने से लोगों को परेशानी

शहर में सड़क किनारे खाली जगहों पर गुमठियां रखकर कब्जा किया जा रहा था। इससे सड़कें संकरी हो रही थीं और लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। इसी समस्या को दूर करने के लिए संयुक्त कार्रवाई की गई। नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर अभियान चलाया गया है। आगे भी निर्देश मिलने पर संबंधित विभागों की टीम मिलकर कार्रवाई करेगी। शहर में अतिक्रमण पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान जारी रखे जा सकते हैं। हालांकि शहर के भीतर इस तरह की ताबड़तोड़ कार्रवाई देखने नहीं मिल रही है। जबकि त्योहार का सीजन आ रहा है और शहर के मुख्य बाजार में जगह जगह अतिक्रमण पसरा हुआ है। जिससे सड़कें संकरी हो गई हैं। कई स्थानों पर स्थाई तौर पर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसे हटाकर यहां वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था की जा सकती है।



**विदिशा।** सड़कों पर रखा दुकानों का सामान टीम द्वारा जब्त कर लिया गया।

## आंगनबाड़ी में 1 साल से बच्चों को नहीं मिला पोषण आहार, घट रही उपस्थिति

### 37 बच्चे दर्ज, कार्यकर्ता अपने खर्च पर सप्ताह में एक दिन खिला रहीं खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्यारसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरावटा के ग्राम सिरसावली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले करीब एक वर्ष से बच्चों को नियमित भोजन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। भोजन व्यवस्था ठप होने का असर बच्चों की उपस्थिति पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बच्चे केंद्र तक नहीं पहुंच रहे हैं। केंद्र में पहले कृष्णा स्वयं सहायता समूह द्वारा बच्चों के लिए भोजन तैयार किया जाता था, लेकिन समूह को उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिलने के कारण भोजन व्यवस्था प्रभावित हो गई। केंद्र में शून्य से छह वर्ष तक के 37 बच्चे दर्ज हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुड्डी बाई ने बताया कि बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए वह अपने खर्च पर हर मंगलवार को खाना खिलाती हैं। नियमित भोजन नहीं मिलने से बच्चों को केंद्र तक लाने और उनकी उपस्थिति बनाए रखने में परेशानी हो रही है। इससे बच्चों को मिलने वाले पोषण और देखभाल की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में संचालन

केंद्र के पास स्वयं का भवन भी नहीं है। फिलहाल इसका संचालन स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में किया जा रहा है। ऐसे में भोजन की समस्या के साथ भवन की कमी भी बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में बाधा बन रही है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कृतिका व्यास ने कहा कि यदि बच्चों को एक वर्ष से भोजन नहीं मिल रहा है, तो यह गंभीर मामला है। इसकी जांच कराई जाएगी। लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7180
सरसों
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-9241
चना
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7700
मसूर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6260
गेंहू
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-5500
बटरी
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-3500
मूंग
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-7650
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7800
मक्का
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-2425
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3570
उच्चतम भाव-3710
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
धान
न्यूनतम भाव-1220
उच्चतम भाव-4455

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 25464 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### वेदांत आश्रम के छात्र का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



गंजबासौदा। श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉक्टर राम कमलाचार्य वेदांती महाराज द्वारा संस्थापित संत जगन्नाथ दास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम जीवाजीपुर के छात्र नितिन पाठक द्वारा कालिदास संस्कृत समारोह में श्लोक गायन प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाकर गंजबासौदा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर आश्रम शिक्षक व ट्रस्टियों ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 2 नानाजी वाली गली में बाल उत्सव समिति द्वारा लगाई गई आकर्षक झांकी



गंजबासौदा। नगर के बेहलोट बायपास क्षेत्र में बाल उत्सव समिति द्वारा लगाई गई मां दुर्गा की विशाल झांकी



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 1 में लगी देवी मां के साथ भगवान भोलेनाथ की मनोरम झांकी



गंजबासौदा वार्ड क्रमांक 1 फ्रीगज क्षेत्र में लगी मां दुर्गा की भव्य और मनोहारी झांकी

### सकल जैन समाज ने रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# तारणगिरी गुफा को क्षतिग्रस्त करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विगत दिनों सिरोंज के पास स्थित श्री तारण तरण दिगंबर जैन अतिशय तीर्थक्षेत्र सेमल खेड़ी में स्थित तरणगिरी गुफा में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ और चोरी किए जाने से आहत जैन समाज द्वारा रैली निकाली गई एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभा जैन को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने गुफा की मरम्मत एवं उसकी सुरक्षा की मांग की गई।



गंजबासौदा। रैली के रुप में एकत्रित हुए जैन समाज के नागरिकगण



गंजबासौदा। कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समाजबंधु

शुक्रवार सुबह सकल जैन समाज के बंधु अंबेडकर चौक स्थित श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय परिसर में इकट्ठे हुए जहां से दर्जनों की संख्या में महिला पुरुषों ने विरोध स्वरूप रैली निकाली और मुख्य मार्ग से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहाँ एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए उल्लेख किया गया कि तीर्थक्षेत्र सेमलखेड़ी समाज की आस्था का केंद्र है जो 16वीं शताब्दी के महान संत आचार्य श्रीमद् जिन तारण तरण मंडलाचार्य महाराज की दीक्षा एवं तप स्थली है। जहां प्रतिवर्ष सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन, ज्ञान आराधना हेतु आते हैं, तीर्थ क्षेत्र के पास ही तारणगिरी गुफा मौजूद है जो ट्रस्ट द्वारा संरक्षित है। विगत दिनों रात्रि के समय अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गुफा के मुख्य द्वार का ताला तोड़ा गया तथा दीवारों और गुंबद को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। साथ ही पवित्र स्थान पर रखे हुए पवित्र ग्रंथों को क्षत विक्षत कर दानपात्र को तोड़कर उसकी धनराशि भी चुरा ली गई। उक्त घटना से अखिल भारतवर्षीय जैन समाज में अत्यंत आक्रोश और पीड़ा है और तीर्थ क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों की पहचान कर उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए एवं क्षतिग्रस्त गुफा परिसर का पुनर्निर्माण और मरम्मत की जाए एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु नियमित पुलिस गश्त एवं सुरक्षा बल की तैनाती की जाऐ। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन, डॉ विमलचंद ओसवाल, महेंद्र बड़कुल, सतीश जैन मंत्री, अशोक जैन ठेकदार, अनिल ओसवाल, पं.उमेश सिंघई, आशीष जैन, राकेश जैन, उमेश बैसाखिया, सुकेश डेरिया, अखिलेश बैसाखिया, सुनील जैन, संतोष कटारे, पं. दीपक पांडे, अमर जैन, रजनीश जैन, संजय समैया राजू जैन, किशनचंद जैन, प्रवीण कुमार जैन, संदीप समैया, पवन जैन, ऋषभ जैन, ओमप्रकाश जैन, रेखा समैया, नीलमणि बैसाखिया, वाणी जैन, आशा समैया, राखी जैन, सारिका समैया, सुमन जैन सहित सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।



गंजबासौदा। हरदूखेडी रेलवे फाटक पर लगी मां काली की मनोहारी झांकी



गंजबासौदा। पूर्वी रेलवे कॉलोनी में लगी मां दुर्गा की आकर्षक झांकी



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 2 में फ्रीगंज स्कूल के पास लगी मां अम्बे की मनोहारी झांकी



गंजबासौदा। एकता चौक के पास लगी मां दुर्गा की आकर्षक झांकी

## सैंट एसआरएस स्कूल में मनाया विश्व खाद्य दिवस

**गंजबासौदा।** सैण्ट एस.आर.एस पब्लिक हायर सेकेंण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'विश्व खाद्य दिवस' के अवसर पर खाद्यान्न सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र, छात्राओं और समाज को भोजन के महत्व को समझाना तथा भोजन की बर्बादी को रोकना था। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो बालिका वर्ग कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता, व्याख्याता डॉक्टर विजय कुमार जैन, गौरव जैन एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक यतिन दुबे ने ऊर्जावान अंदाज में रासेयो का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रासेयो बालक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान ने छात्र, छात्राओं को खाद्यान्न के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमें इतिहास से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, कि आज भी दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें दोनों समय का भरपेट भोजन मिल पाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में हमें भोजन के प्रति सम्मान और 'भोजन मंत्र' जैसे संस्कारों का अपने जीवन में महत्व देना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि शादी-विवाह या अन्य आयोजनों के दौरान अपनी थाली में उतना ही आवश्यकतानुसार भोजन लें, जिससे बर्बादी न हो। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ. विजय कुमार जैन ने कहा कि हमें भोजन की फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। यदि किसी आयोजन में भोजन बच जाता है, तो उसे फेंकने के बजाय पेड़-पौधों में डालने या पशुओं को खिलाकर उसके अपव्यय को रोकना चाहिए, ताकि भोजन का सही सदुपयोग हो। रजनी गुप्ता ने विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को भोजन की बर्बादी से रक्षा करने और इसके संरक्षण के अनूठे उपाय बताए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे भोजन के एक भी दाने की बर्बादी न होने दें। कार्यक्रम का अत्यंत सफल और सराहनीय संचालन रा.से.यो. स्वयंसेवक विकास मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के गौरव जैन, प्रियंका अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव, गोविंद कुशवाह, रंजू राठौर, विक्रम सिंह लोधी, सुपार्श्व जैन, सोनू राय, सत्यम बबेले सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## माही अहिरवार एमबीबीएस में चयनित



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड नंबर 10 निवासी खुमान सिंह और पार्वती बाई की सुपुत्री माही का चयन वीरेन्द्र कुमार सखलेचा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नीमच में हुआ है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे विद्यालय परिवार में अत्यंत प्रसन्नता का माहौल है। माही अहिरवार ने अपनी शुरुआती शिक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक नवांकुर विद्यालय से प्राप्त की है। माही ने शैक्षणिक सफर और मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET UG-2026) की तैयारी के दौरान कभी भी किसी बाहरी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने पूरी तरह से घर पर ही रहकर स्वाध्याय और कड़ी मेहनत के जरिए यह मुकाम हासिल किया है। माही के मन में डॉक्टर बनने का सपना बचपन से ही पल रहा था। उन्हें बचपन में आम खिलौनों की तुलना में मेडिकल टूल्स वाले खिलौनों से खेलने का अधिक शौक था। उनका यह बचपन का सपना आज आखिरकार सच साबित हो गया है। माही की माताजी पार्वती बहुत अधिक पढ़ी-लिखी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी के हर कदम पर हौसला बढ़ाया और हमेशा प्रेरित कर आगे बढ़ने की शक्ति दी। इसके साथ ही, विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों का निरंतर सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन भी इस सफलता के पीछे एक मुख्य स्तंभ रहा। माही अहिरवार की इस ऐतिहासिक सफलता पर नवांकुर विद्यालय परिवार की ओर से उनका, उनकी माताजी और उनके चाचा का पुष्पहार व मिष्ठान्न से अभिनंदन किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्कूल में हुआ गरबे का आयोजन

**गंजबासौदा।** आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गरबा का आयोजन किया गया। जिसमें इन छात्रों द्वारा बढ़े ही सुंदर ढंग से गरबा की प्रस्तुति दी गईं। विद्यालय के छोटी बहिनों ने नौ देवियों का रूप रखकर प्रस्तुतियां दी गईं एवं मनभावन गरबा किया गया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर्स प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम विद्यालय पूजा जैन, अनिता जैन, ईशा सिंघई, सोनिका रघुवंशी, अंजली राजपूत, शिवानी मीणा, हर्षिता जैन, सलोनी रघुवंशी, आकांक्षा लोधी, वैष्णवी, सोनिया कुशवाह, पीयूष सोनी का सहयोग रहा।

### अस्पताल प्रबंधन को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# स्वास्थ्य आयुक्त ने किया नवीन अस्पताल का निरीक्षण






हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासन द्वारा 15 अगस्त से शुरू किए गए पायलट प्रोजेक्ट एचआईएमएस हेल्थ इंफोमेशन मैनेजमेंट सिस्टम के सफल क्रियान्वयन में नगर के सिविल अस्पताल ने पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस डिजिटल व्यवस्था के अंतर्गत मरीज का ओपीडी पर्चा बनने से लेकर उपचार, जांच और डिस्चार्ज होने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज की जा रही है। नगर की इस उपलब्धि को मॉडल के रूप में देखने तथा अन्य शासकीय अस्पतालों में आ रही तकनीकी दिक्कतों का अध्ययन करने के लिए स्वास्थ्य आयुक्त धनराजू एस. ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने पर्चा काउंटर से लेकर वार्डों तक की व्यवस्था देखी। उन्होंने समझा कि नगर में यह प्रक्रिया किस प्रकार सुचारू रूप से चल रही है और अन्य चिकित्सालयों में इसे लागू करने में सॉफ्टवेयर संबंधी क्या बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने मौजूदा अस्पताल परिसर में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और डिजिटल एंट्री के रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया। हेल्थ कमिश्नर ने नवनिर्मित सिविल अस्पताल भवन का भी दौरा किया और इसे शीघ्र पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के लिए आवश्यक निर्माण कार्यों के एस्टीमेट तत्काल भेजने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिल सके। वहीं नवीन चिकित्सालय के संचालन के लिये आवश्यक बाउंड्री वॉल, मरीजों और एंबुलेंस के सुगम आवागमन के लिए मुख्य प्रवेश द्वार एवं पोस्टमार्टम रूम के निर्माण के लिये एस्टीमेट तत्काल भेजने के निर्देश दिए। जिससे नई बिल्डिंग में विधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं के संचालन के लिए सुविधा हो सके। इस दौरान स्थानीय प्रशासनिक व चिकित्सकीय अमला मौजूद रहा। जिनमें मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभा जैन, अस्पताल सह अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिड़ार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. महेन्द्र बाजोरिया, डॉ. अतुल जैन एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया जिले का प्रतिनिधत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय कराटे प्रतियोगिता में रतनबाई जैन स्कूल के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक खिलाड़ी युवराज दांगी, कृष्ण प्रताप राजपूत, देव विश्वकर्मा एवं सबरी सेन ने सहभागिता की। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करना खिलाड़ियों के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इन खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं कराटे के प्रति समर्पण के माध्यम से विद्यालय की खेल गतिविधियों को नई पहचान दिलाई। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, साहस और खेल भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही, खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी मिलता है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए विद्यालय के खेल शिक्षक कृष्ण गोपाल जोगी तथा कराटे कोच इशिका मैना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, प्रतियोगिता में दल प्रबंधक के रूप में स्वतंत्र कुमार जैन ब्लॉक स्पोर्ट्स अधिकारी भी सम्मिलित रहे। शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय के चार विद्यार्थियों द्वारा संभाग स्तर पर विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व किए जाने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सचिव मयंक टॉक एवं प्राचार्य बृजेश रिछारिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहेंगे तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

### मानद डॉक्टरेट की उपाधि के साथ मिला 'मध्यप्रदेश रत्न' सम्मान, आईजा करेगा सम्मानित

# सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ. ए.के. जैन को दो विशिष्ट सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सामाजिक सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण के क्षेत्र में लंबे समय से उल्लेखनीय योगदान दे रहे मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ए.के. जैन को भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में दो विशिष्ट सम्मानों से नवाजा गया। उन्हें सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। इसके साथ ही समाजसेवा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए 'मध्यप्रदेश रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. जैन की इन उपलब्धियों से सिरोंज सहित क्षेत्र के सामाजिक एवं प्रबुद्ध वर्ग में हर्ष का माहौल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान बताया है। भोपाल में आयोजित समारोह में प्रेस क्लब वेलफेयर तथा वर्ल्ड वाइस फाउंडेशन भारत द्वारा डॉ. ए.के. जैन को उनके सामाजिक कार्यों और जनसेवा के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। वहीं, वर्ल्ड वाइस फाउंडेशन द्वारा उन्हें 'मध्यप्रदेश रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया।

### पूर्व में भी मिल चुके हैं कई प्रतिष्ठित सम्मान



डॉ. ए.के. जैन को इससे पहले भी चिकित्सा, सामाजिक सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में योगदान के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा रत्न, भारतीय गौरव प्रतिभा सम्मान एवं राज्य गौरव जैसे सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों द्वारा उन्हें आयुर्वेद शिरोमणि, आयुर्वेद भूषण, वेदराज एवं आयुर्वेद सम्राट जैसी उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है। लगातार मिल रहे सम्मानों को उनके सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के प्रति सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। उनकी उपलब्धियां उन लोगों के लिए भी प्रेरणादायी हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और जनसेवा के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका

डॉ. ए.के. जैन लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं। वे स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविरों, शिक्षा तथा जनहित से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी पहुंचाने और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। उनका मानना है कि समाजसेवा का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक बनाना और शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना है। इसी भावना के साथ वे लंबे समय से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

### आईजा द्वारा किया जाएगा डॉ. जैन का सम्मान

डॉ. ए.के. जैन को दो विशिष्ट सम्मान मिलने पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, आईजा संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन सहित विभिन्न समाजसेवियों तथा सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आईजा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डॉ. ए.के. जैन ने सामाजिक सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर उल्लेखनीय कार्य किए हैं। मानद डॉक्टरेट की उपाधि और 'मध्यप्रदेश रत्न' सम्मान मिलना उनके प्रयासों के प्रति गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि डॉ. जैन की इन उपलब्धियों के सम्मान में ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) द्वारा जल्द ही उनका सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान करना आवश्यक है, ताकि जनसेवा के कार्यों को प्रोत्साहन मिले और अन्य लोग भी समाजहित में आगे आने के लिए प्रेरित हों। डॉ. ए.के. जैन को मिले इन सम्मानों से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# डॉ. प्रदीप बाफना के आईजा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पत्रकारों में हर्ष

### नियुक्ति से मजबूत होगा जैन पत्रकारों का महासंगठनः राजीव जैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. प्रदीप बाफना के मनोनयन से मध्यप्रदेश के जैन पत्रकारों में हर्ष का माहौल है। आईजा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने डॉ. बाफना को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जैन पत्रकारों का महासंगठन एक बार फिर मजबूत होगा और संगठन नई ऊंचाइयों को छूते हुए इतिहास रचेगा। एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डॉ. प्रदीप बाफना हमेशा जैन पत्रकारों के हितों की रक्षा, सुरक्षा और सम्मान के लिए सक्रिय रहे हैं।

उन्होंने हर परिस्थिति में पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है। उनके अनुभव, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इससे प्रदेशभर के जैन पत्रकारों को एकजुट होकर कार्य करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि आईजा द्वारा शीघ्र ही आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के समस्त जैन पत्रकारों की ओर से डॉ. प्रदीप बाफना का भव्य अभिनंदन किया जाएगा।

इस संबंध में पत्रकारों ने भी उनका सम्मान करने का निर्णय लिया है। डॉ. प्रदीप बाफना के मनोनयन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, पूर्व विधायक सुनील जैन, आईजा महिला विंग की प्रदेष अध्यक्ष सोना जैन,आईजा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक बडजात्या,प्रदेश महामंत्री शोभित जैन, वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती निधि जैन, विदिशा जिले के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एके जैन, भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन, गुना जिला अध्यक्ष राजेश जैन,अशोकनगर जिला अध्यक्ष गौरव जैन तथा बुंदेलखंड के वरिष्ठ नेता भरत सेठ सहित अन्य लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आईजा प्रदेश में जैन पत्रकारों की एकजुटता, अधिकारों और सम्मान के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगा।

### सिरोंज में लोटस गरबा महोत्सव का भव्य समापन

# अभिनेत्री दीपिका सिंह ने पति के साथ किया गरबा



**सिरोंज।** नवरात्रि के पावन अवसर पर सिरोंज में आयोजित दो दिवसीय लोटस गरबा महोत्सव भक्ति,संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जागरूकता के अनूठे संगम के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक 'दीया और बाती हम' से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री दीपिका सिंह अपने पति के साथ सिरोंज पहुंचीं। उनकी मौजूदगी ने आयोजन की रौनक बढ़ा दी। अभिनेत्री को अपने बीच पाकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और परिवारों में खासा उत्साह देखने को मिला। गरबा की थाप पर पूरा आयोजन स्थल उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। महोत्सव के दूसरे दिन दीपिका सिंह ने उपस्थित लोगों से आत्मीय संवाद किया और उनसे सवाल-जवाब के माध्यम से बातचीत की। उन्होंने गरबा में सहभागिता कर आयोजन का उत्साह बढ़ाया। उनकी सहजता और लोगों के साथ घुल-मिलकर उत्सव में शामिल होने के अंदाज ने उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। अभिनेत्री और उनके पति को एक साथ देखकर दर्शकों में भी उत्सुकता और खुशी का माहौल रहा। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गरबा का आनंद लिया। दीपिका सिंह ने संवाद के दौरान सिरोंज के किसानों, क्षेत्र की समृद्धि और सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। कृषि प्रधान क्षेत्र में किसानों की समृद्धि का विषय लोगों से संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। उन्होंने नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज को नशे से दूर रखने का संदेश भी दिया। लोटस गरबा ग्रुप की युवा टीम द्वारा पहली बार आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना तथा युवाओं में देश और धर्म के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

### बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं हुईं शामिल, करीब 6 किलोमीटर पैदल चलकर किए माता रानी के दर्शन

# गोकुल धाम कॉलोनी से महामाई मंदिर तक निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल उस समय देखने को मिला, जब गोकुल धाम कॉलोनी से डांग वाली महामाई माता मंदिर तक 51 फीट की चुनरी यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता रानी के जयकारों और श्रद्धा के साथ निकली चुनरी यात्रा से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। चुनरी यात्रा में शामिल महिलाओं और बालिकाओं ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ लगभग 6 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की। गोकुल धाम कॉलोनी से प्रारंभ हुई यह यात्रा डांग वाली महामाई माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।



यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने सामूहिक रूप से चुनरी अर्पित करने की धार्मिक परंपरा में भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। 51 फीट लंबी चुनरी यात्रा धार्मिक श्रद्धा और सामूहिक भक्ति का प्रतीक बनी। पैदल यात्रा के दौरान श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए। इस आयोजन ने नगर की धार्मिक परंपराओं और महिला श्रद्धालुओं की भक्ति भावना को दर्शाया। बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं की सहभागिता से यात्रा का स्वरूप भव्य नजर आया। डांग वाली महामाई माता मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में चुनरी अर्पित की और दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नगर में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और धार्मिक आस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चुनरी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान शीतल शर्मा,राम बाई,मिश्री बाई,फूल बाई,सुनीता बाई सहित बडी संख्या में महिलाएं व बालिका शामिल हुई।

### क्रिकेट टूर्नामेंट आज

**विदिशा।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में खेलों को बढ़ावा देने और समाज के लोगों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को श्री अग्रसेन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय टी-20 क्रिकेट एरिना ग्राउंड पर रात 9 से 12 बजे तक टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। आयोजक अमोल अग्रवाल, पंकज जिंदल और रोहित गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों की छह टीमें महाराजा अग्रसेन वॉरियर्स, अग्रवाल रॉयल्स, अग्रसेन किंग्स, अग्रवाल टाइगर्स, अग्रसेन सुपर जायंट्स और अग्रसेन लायंस भाग लेंगी।

### शुभम बने हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष

**ग्यारसपुर।** तहसील परिसर में आयोजित हिंदू उत्सव समिति की बैठक में सर्वसम्मति से शुभम मिश्रा को हिंदू उत्सव समिति एवं दशहरा पर्व समिति, ग्यारसपुर का अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष बनने पर नगर में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों ने उम्मीद जताई कि शुभम मिश्रा के नेतृत्व में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों को बेहतर ढंग से संपन्न कराया जाएगा। दशहरा पर्व सहित हिंदू धर्म से जुड़े विभिन्न उत्सवों के आयोजन में समिति सक्रिय भूमिका निभाएगी। साथ ही सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सरपंच राजू कुशवाह सहित नगर के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया

**विदिशा।** अलायंस क्लब अलंकर्ता द्वारा शुक्रवार को अग्रसेन विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष रागिनी मिश्रा ने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रीता गोयल ने 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जरूरतमंद बच्चों को दवाइयां और सभी बच्चों को पेंसिल वितरित की गईं। डॉ. ममता अग्रवाल ने किशोरी बालिकाओं को त्वचा की देखभाल, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। सैनिटरी पैड भी बांटे गए। कार्यक्रम में शशि बंसल, सुषमा बिरथरे, अंजली रोधे, अंजू कटारे, संगीता बंसल, नम्रता अग्रवाल, लता तिवारी, रीना शर्मा और सुषमा शर्मा उपस्थित रहीं।

# विधायक सप्रे की प्रेरणा से बने अस्थायी स्टॉप डैम, छह गांवों को मिलेगा लाभ

### सामूहिक प्रयास से वर्षा जल का संरक्षण, किसानों को सिंचाई में मिलेगी मदद

**कुरवाई।** विधायक हरिसिंह सप्रे की प्रेरणा और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में जल संरक्षण की पहल की गई है। बाजीरावद, रोशन पिपरिया सहित छह गांवों के ग्रामीणों ने अस्थायी स्टॉप डैम तैयार कर नदी में बह रहे वर्षा जल को रोकने की व्यवस्था की है।



इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही भूजल स्तर में सुधार की भी संभावना है। स्टॉप डैम का निरीक्षण करने विधायक हरिसिंह सप्रे मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल, तहसीलदार संदीप शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक सप्रे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण के संकल्प को जनसहयोग से साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप वर्षा जल का संरक्षण और सदुपयोग जरूरी है। ग्रामीणों की सहभागिता से किए गए ऐसे प्रयास खेती के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ाने में सहायक होंगे। ग्राम बाजीरावाद के किसान डॉ. हसरूद्दीन खान ने कहा कि वर्षा जल को स्थानीय स्तर पर संरक्षित करने से किसानों को कृषि कार्यों में लाभ मिलेगा। सामूहिक प्रयासों से पानी को व्यर्थ बहने से रोका जा सकता है। छह गांवों में हुई यह पहल जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों की जागरूकता और जनभागीदारी का उदाहरण है।

### कलेक्टर-एसपी ने लटेरी में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने लटेरी क्षेत्र का सघन भ्रमण किया। उन्होंने सांदीपनी विद्यालय, मॉडल स्कूल, आदिवासी आश्रम शाला, छात्रावास, अस्पताल, तहसील कार्यालय और आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई और सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण आहार और निर्माण कार्यों की स्थिति भी देखी। नगर परिषद के तालाब सौंदर्यीकरण कार्य और भुजारिया घाट का निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# किसान दिवस पर किसानों को बताईं आधुनिक और टिकाऊ कृषि तकनीकें

### संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा संरक्षण पर दिया जोर




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुधार उत्सव 2026 के अंतर्गत इफको द्वारा शुक्रवार को बी-पैक्स, इमलिया में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 80 से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक संसाधनों और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।

इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार मनेन्द्र ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, सागरिका और जैव उर्वरकों के उपयोग एवं लाभ बताए। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अक्षय उज्ज्वल ने गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट और मृदा जैविक कार्बन बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला। पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक अजय सिंह परिहार ने कृषि प्रशिक्षण और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रगतिशील किसान वसीम रिजवी के खेत पर नैनो उर्वरकों से संबंधित प्रदर्शन रहा। इसमें सामान्य उर्वरक उपयोग वाले प्लॉट की तुलना में 25 और 50 प्रतिशत कम रासायनिक उर्वरक वाले प्लॉट का अवलोकन कराया गया। आयोजकों के अनुसार, कम उर्वरक वाले प्लॉटों में पौधों की ऊंचाई, कल्लों और बालियों की संख्या के बेहतर परिणाम दिखाई दिए। किसानों को वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाकर खेती की लागत नियंत्रित करने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### बीना रिफाइनरी-बेतवा बैराज परियोजनाः 19 से 22 तक लोक सुनवाई

**कुरवाई।** बीना रिफाइनरी-बेतवा बैराज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की आपत्तियां और सुझाव सुनने के लिए 19 से 22 अक्टूबर तक लोक सुनवाई आयोजित की जाएगी। कुरवाई तहसील के संबंधित ग्रामों में सुबह 10 से शाम 5:30 बजे तक पंचायत भवनों में सुनवाई होगी। एसडीएम एवं भू-अर्जन अधिकारी मोतीलाल अहिरवार के अनुसार, प्रभावित परिवारों के साथ संबंधित व्यक्ति, संस्थाएं और संगठन अपनी आपत्तियां व सुझाव लिखित या मौखिक रूप से दे सकेंगे। 19 अक्टूबर को नाडकुंड, दांगी कुहरिया, कांकर, खिरिया भौंरासा और भौंरासा के लिए सुनवाई होगी। 21 अक्टूबर को पीरोठा, इकोदा, दादूरार, गिरवास और छोटी पठारी तथा 22 अक्टूबर को निर्धारित अन्य प्रभावित ग्रामों में सुनवाई की जाएगी।

### घरों से सामग्री लाकर सामूहिक कन्या भोज

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर श्रद्धा और उल्लास के साथ सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के आचार्य एवं सेवक-सेविका परिवार ने घरों से आटा, चावल, दूध, सब्जियां सहित अन्य सामग्री लाकर सहयोग दिया। एकत्रित सामग्री से विद्यालय की दीदियों ने भोजन प्रसाद तैयार किया। समिति अध्यक्ष राजश्री वैद्य, व्यवस्थापक उदय धोली और प्राचार्य विशाल भार्गव ने कन्याओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर पूजन किया। इस नवाचार के माध्यम से सामूहिक सहभागिता, सेवा, समरसता और कन्या सम्मान का संदेश दिया गया।

### महिला परिषद की चंद्रप्रभु शाखा सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से आत्मीय वार्तालाप की

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की श्री चंद प्रभु शाखा की सभी सदस्यों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम सागर मैं निवासरत वृद्ध जनों के साथ एक शाम बिताई और उनसे अनेकों आशीर्वाद प्राप्त किये। शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह ने बताया कुछ बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और आश्रम में रहने की वजह भी बताई।

### कलेक्टर ने छात्रों से सवाल पूछे, परखी शैक्षणिक गुणवत्ता

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को लटेरी के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद कर उनके शैक्षणिक स्तर और विषयों की समझ को परखा। उन्होंने सामान्य ज्ञान के साथ रसायन शास्त्र से जुड़े प्रश्न पूछे और सूत्रों की उपयोगिता व व्यावहारिक महत्व पर चर्चा की। विद्यार्थियों के जवाब सुनकर उन्होंने नियमित अध्ययन और विषयों की मूल अवधारणाओं को समझने के लिए प्रेरित किया। एक छात्रा के सवाल का संतोषजनक जवाब देने पर उसकी सराहना भी की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के सूचना पटल का जीर्णोद्धार कर आवश्यक जानकारियां प्रतिदिन अपडेट रखने के निर्देश दिए।

# 'साकेत के आंगन से विदिशा का इतिहास' पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




साकेत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से तैयार पुस्तक 'साकेत के आंगन से विदिशा का इतिहास' का विमोचन शुक्रवार को साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गरिमामय समारोह में किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. नारायण व्यास और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक विद्यार्थियों को निशुल्क प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम में गोविंद सक्सेना ने पुस्तक की अवधारणा और उद्देश्य बताते हुए कहा कि विदिशा की ऐतिहासिक धरोहरों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। बीजामंडल, खाम बाबा और हेलियोडोरस स्तंभ जैसी धरोहरें नगर के गौरवशाली अतीत की पहचान हैं। विरासत को समझना और उसका संरक्षण करना भविष्य को सही दिशा देने के लिए जरूरी है। मुख्य अतिथि डॉ. नारायण व्यास ने संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास विद्यार्थियों और समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। ऐतिहासिक विरासत के प्रति जागरूकता उसके संरक्षण का पहला कदम है। अध्यक्ष सौरभ सिंह ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, गोवंश के प्रति संवेदनशीलता और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को भी महत्वपूर्ण बताया।

संस्था अध्यक्ष अतुल शाह ने कहा कि पुस्तक से विद्यार्थियों को अपने नगर के इतिहास और संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। संस्था की संस्थापिका मनोरमा मैडम के जन्मदिन के अवसर पर यह पहल की गई। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश गर्ग, अजय जैन, अरविंद श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर समारोह का समापन किया गया।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ की संशोधित सूची जारी

# प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया



विदिशा। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए।

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मप्र राज्य कर्मचारी संघ जिला विदिशा के निर्वाचित कार्यकारिणी की संशोधित सूची जारी कर दी गई है। जिसमें सांदीपनी विद्यालय कुरवाई के प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं एकीकृत बालक माध्यमिक शाला पठारी के शिक्षक जगदीश कुमार श्रीवास्तव को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। सीएम राइज स्कूल गंजबासौदा के शिक्षक शंभूदलयाल विश्वकर्मा को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, रूपाली चौरसिया पुत्री स्वर्गीय श्री रूपकिशोर चौरसिया निवासी हीरापुरा, विदिशा (मध्य प्रदेश) का विवाह दिनांक 07जून 2025 को श्री ऋषिराज शर्मा आत्मज श्री अनिल कुमार शर्मा के साथ हिंदू रीति-रिवाजों वैदिक पद्धति से संपन्न हुआ है। अतः विवाह के पश्चात मुझे अपना नाम रूपाली चौरसिया से रूपाली शर्मा कर लिया है। भविष्य में मुझे रूपाली शर्मा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

रूपाली शर्मा

## स्वामित्व योजना: 1.38 लाख हितग्राहियों में सिर्फ 375 की रजिस्ट्री

# पटवारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद शुरू हुई प्रक्रिया पर सर्वर की सुस्ती से ब्रेक

**एक रजिस्ट्री में लग रहे 1 से 2 घंटे, तहसीलों के चक्कर काट रहे हितग्राही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिले में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को जमीन और मकान का मालिकाना हक देने की प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चल रही है। हालांकि जिले में 1 लाख 38 हजार 426 हितग्राहियों की रजिस्ट्री की जानी है। लेकिन अब तक केवल 375 रजिस्ट्री ही हो सकी हैं। यानी कुल लक्ष्य का महज 0.27 प्रतिशत काम पूरा हुआ है। 17 सितंबर से शुरू हुई प्रक्रिया में पहले पटवारियों की हड़ताल और अब पोर्टल की तकनीकी खामियां बाधा बन रही हैं। बुधवार से पटवारियों ने हड़ताल समाप्त कर काम शुरू किया।लेकिन सर्वर की सुस्ती ने रजिस्ट्री की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। शुक्रवार को भी पोर्टल ओवरलोड होने के कारण राजस्व अमले को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद सर्वर इस कदर धीमा हुआ कि रजिस्ट्री का काम बीच में ही रोकना पड़ा। शाम 5 बजे तक अधिकारी, कर्मचारी और हितग्राही पोर्टल के दोबारा चालू होने का इंतजार करते रहे। इसके बावजूद एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। ऐसे में योजना का लक्ष्य पूरा करना जिला प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है।

### एक रजिस्ट्री में लग रहे 1 से 2 घंटे

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी ने बताया कि पटवारी हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट आए हैं। स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री शुरू होते ही सर्वर की समस्या सामने आने लगी। शुक्रवार को दोपहर बाद पोर्टल हैंग हो गया, जिसके कारण काम रोकना पड़ा। राजस्व अमला रजिस्ट्री करने के लिए तैयार है, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। एसएलआर योगेश्वर भारती के मुताबिक पटवारियों ने रजिस्ट्री का काम शुरू कर दिया है। लेकिन पहले दिन से ही पोर्टल ओवरलोड की समस्या आ रही है। सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है और पोर्टल हैंग होने से रजिस्ट्री में देरी हो रही है। पटवारियों का कहना है कि एक रजिस्ट्री करने में एक से दो घंटे तक लग रहे हैं। कई बार फॉर्म भरने के बाद सबमिट नहीं हो पाता। जिससे दोबारा प्रक्रिया करनी पड़ती है। समय की बर्बादी होती है सो अलग बात है। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सर्वर डाउन और पोर्टल ओवरलोड की समस्या प्रदेश स्तर पर है। एक साथ पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री का काम चलने से पोर्टल पर दबाव बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने तकनीकी खामी की जानकारी उच्च स्तर पर भेज दी है। एसडीएम मनीष शर्मा तहसीलदार भरत सिंह मंडले का कहना है कि सर्वर की समस्या दूर होने के बाद रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाई जाएगी। ताकि हितग्राहियों को जल्द मालिकाना हक मिल सके।

### दस्तावेज तैयार, फिर भी तहसीलों के चक्कर

जिला प्रशासन ने हितग्राहियों के दस्तावेज पहले से तैयार करा लिए हैं।ताकि सर्वर ठीक होते ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इसके बावजूद हितग्राहियों को तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि ड्रोन सर्वे और स्वामित्व कार्ड बनने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं होने से उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा है। कई हितग्राही जमीन के आधार पर बैंक से लोन लेने की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं। स्वामित्व योजना में क्या मिल रहा है? घर पर कब्जा, नाम का रिकॉर्ड, और अब मिलेगी मुफ्त रजिस्ट्री रायसेन शहर सहित जिले में चल रही स्वामित्व योजना को लेकर कई लोगों के मन में सवाल है कि अभी क्या है और इसके बाद क्या मिलेगा?

**अभी क्या है?** अभी की स्थिति यह है कि घर पर आपका कब्जा है और स्वामित्व योजना में आपके नाम का रिकॉर्ड दर्ज है। ड्रोन सर्वे के बाद यह रिकॉर्ड तैयार किया गया है। मुफ्त रजिस्ट्री, इसके बाद क्या मिलेगा? शासन अब इसी रिकॉर्ड के आधार पर आपके नाम की मुफ्त रजिस्ट्री कर रहा है। इसके बाद आपके नाम की रजिस्ट्री का पक्का कानूनी कागज होगा। यह कागज ही आपके घर-जमीन का सबसे बड़ा प्रूफ होगा।

### खास बातें

- बैंक से लोन की सुविधा : इस कागज के आधार पर बैंक से लोन लिया जा सकता है। अगर बैंक की बाकी शर्तें पूरी होती हैं। अभी तक ग्रामीण आबादी की जमीन पर लोन नहीं मिल पाता था। लेकिन रजिस्ट्री के बाद यह संभव होगा।
- कारोबार में काम आएगा : घर-जमीन के इस कागज का इस्तेमाल कारोबार या स्वरोजगार से जुड़े कामों में किया जा सकेगा। यानी अब आप अपनी प्रॉपर्टी दिखाकर अपना बिजनेस शुरू करने के लिए मदद ले सकते हैं।
- रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा : सबसे बड़ा फायदा यह कि संपत्ति का रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज रहेगा और रजिस्ट्री की कॉपी डिजिटल रूप में भी मिलेगी। इससे भविष्य में जमीन को लेकर विवाद, धोखाधड़ी और कागज गुम होने की टेंशन खत्म हो जाएगी।



### स्कूल प्रांगण में गीत संगीत नृत्य की रही धूम

बरेली। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल की सीबीएसई शाखा, में सांस्कृतिक गरबा महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति और उल्लास के अनूठे संगम के रूप में संपन्न हुआ। माता रानी की आराधना को समर्पित इस भव्य आयोजन में 1,400 से अधिक माताओं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। ममता चौधरी, छाया पालीवाल एवं गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महोत्सव में मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध स्वाति मिश्रा म्यूजिकल ग्रुप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ग्रुप की मनमोहक लाइव संगीतमय प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चाँद लगा दिए और पूरे वातावरण को संगीतमय, भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। गरबा की पारंपरिक धुनों पर माताओं एवं बहनों ने पूरे उत्साह के साथ नृत्य किया, जिससे विद्यालय परिसर उत्सव के रंगों से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की एंकर निशा मौर्य की प्रभावशाली मंच संचालन शैली ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह बनाए रखा तथा महोत्सव को और भी मनोरंजक बना दिया।आयोजन को सफल बनाने में डैफोडिल्स परिवार के संचालकगण, प्राचार्यगण एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सामूहिक प्रयासों, समर्पण और बेहतर व्यवस्थाओं से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ।

# दशहरा महोत्सव की तैयारी, 20 व 21 को धर्म व संस्कृति का दिखेगा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी



मां हिंगलाज और मां विंध्यवासिनी की पावन नगरी बाड़ी में दशहरा महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर इस वर्ष भी नगर में भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। श्री नगर हिंदू उत्सव समिति बाड़ी के तत्वावधान में 20 और 21 अक्टूबर को दो दिवसीय दशहरा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा, आकर्षक आतिशबाजी, रावण दहन और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेंगे। आयोजन को लेकर समिति ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

दशहरा महोत्सव के प्रथम दिन मंगलवार 20 अक्टूबर को बाड़ी खुर्द में धार्मिक उल्लास के बीच कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोपहर 12 बजे पंचमुखी सिद्ध हनुमान मंदिर से भगवान श्रीराम की सेना के साथ विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। इसमें श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण के बीच भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजेंगे। दोपहर 3 बजे से मंगलवारा बाजार, बाड़ी खुर्द में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

दशहरा महोत्सव की पहली रात श्रद्धा और संगीत के नाम रहेगी। शाम 7:30 बजे से मां शारदा देवी जागरण ग्रुप, जबलपुर के कलाकारों के साथ प्रसिद्ध गायिका आरती मिश्रा देवी भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगी। धार्मिक गीतों और भजनों से सजी यह संगीतमय संध्या महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगी। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नगरवासियों के शामिल होने की उम्मीद है। दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन बुधवार 21 अक्टूबर को बाड़ी कलाँ में दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा। दोपहर 3 बजे से दशहरा मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। आकर्षक आतिशबाजी और रावण दहन के साथ विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा।

## बुधनी हाईवे बायपास पर हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार थे श्रद्धालु

# सलकनपुर देवी धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर को डंपर ने मारी टक्कर, महिला की मौत- 8 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



सलकनपुर वीजासन देवी धाम में देवी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन हादसे का शिकार हो गया। बुधनी हाईवे बायपास पर डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई।जबकि ट्रैक्टर में सवार 8 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर सलकनपुर स्थित देवी विजासन देवी मंदिर में दर्शन पूजन करने गए थे। दर्शन के बाद सभी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बुधनी हाईवे बायपास पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की डंपर से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर में सवार लोग घायल हो गए। हादसे में एक महिला की जान चली गई।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाया

दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों की मदद की। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में घायल 8 लोगों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। श्रद्धालुओं के वाहन के डंपर से टकराने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद मृत महिला के परिजनों में शोक का माहौल है।

### पांच महीने से बिना फिटनेस के दौड़ रही कॉलेज बस, छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

रायसेन। शासकीय पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज पाटनदेव में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। कॉलेज में विद्यार्थियों के परिवहन के लिए संचालित बस की फिटनेस पांच महीने पहले समाप्त हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद बस का संचालन नियम कायदे ताक पर रखकर धड़ल्ले से जारी है। बस की खराब हालत और



सुरक्षा व्यवस्था से नाराज विद्यार्थियों ने को कॉलेज परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्राचार्य यूनुस खान को ज्ञापन सौंपकर बस की फिटनेस जांच कराने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। विद्यार्थियों का आरोप है कि बस की सीटें फटी हुई हैं और उसकी हालत भी खस्ताहाल है। इसके बावजूद रोजाना करीब 50 विद्यार्थी इसी बस से कॉलेज आते-जाते हैं। छात्रों ने कहा कि बिना फिटनेस के बस का संचालन विद्यार्थियों की जान को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने मांग की कि बस की तकनीकी जांच और फिटनेस प्रमाणपत्र मिलने तक उसका संचालन बंद किया जाए। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने बस की खराब स्थिति के बावजूद पूरी फीस लेने पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि जब बस की फिटनेस समाप्त हो चुकी है और उसकी हालत ठीक नहीं है, तो इसके संचालन और भुगतान की जिम्मेदारी किसकी है। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रबंधन से बस के रखरखाव, फिटनेस और भुगतान संबंधी मामले की जांच कराने की मांग की। भोपाल से रोजाना रायसेन आने-जाने पर भी सवाल उठाए। इस पर प्राचार्य यूनुस खान ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार प्रोफेसरों ने रायसेन में भी किराए पर कमरे ले रखे हैं। विद्यार्थियों से प्राप्त ज्ञापन पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतला दहन के दौरान हुई खींचतान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शुक्रवार को कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ह्यवोट चोर गद्दी छोड़ह्ल, ह्यज्ञानेश कुमार इस्तीफा दोह्ल और ह्यलोकतंत्र की रक्षा कौन करेगा, हम करेंगेह्ल जैसे नारे लगाते हुए रैली निकाली। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। पुतला दहन रोकने के प्रयास में पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान की स्थिति बनी। बाद में कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां चुनाव संबंधी मुद्दों के साथ क्षेत्र में बिजली कटौती और बारना नहर से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया।

गांधी चबूतरे से शुरू हुआ प्रदर्शन, रैली- शुक्रवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ा बाजार स्थित गांधी चबूतरे पर एकत्रित हुए। यहां केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन की शुरुआत की गई। कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान वोट चोर गद्दी छोड़, ह्यज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो और चंदा चोर कहां मिलेंगे, भाजपा के दफ्तर में जैसे नारे लगाए गए।

रैली एसडीएम कार्यालय के नजदीक पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। पुतला छीनने के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में हुई खींचतान हुई।कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन, नगर परिषद के अमले और फायर ब्रिगेड को मतैनात किया गया था। पुतला दहन के दौरान पुलिसकर्मियों ने पुतले को कब्जे में लेकर आग बुझाने का प्रयास किया। पुतले को बचाने के लिए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ और पुलिस के बीच खींचातान की स्थिति बनी।

# बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी... अथाई मोहल्ले में सजाया गया जम्मू वाली वैष्णोरानी का दरबार







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मां श्री वरदान दुर्गोत्सव समिति मढ़ईपुरा वार्ड तीन रायसेन अध्यक्ष नीलेश बंटी कुशवाह, वरिष्ठ संरक्षक बलवीर कुशवाह, सुमेर कुशवाह, संतोष कुशवाह, संतोष यादव पन्नी,सतीश यादव पार्षद रवि यादव, अंकुश यादव,बाबू लाल कुशवाह, राजू कुशवाह उस्ताद ,शैतान तूफान यादव रामबाबू मेहर, शिवम कुशवाह ने बताया कि दुर्गा झांकी स्थापना का 60वा वर्ष है। इस वर्ष झांकी पंडाल में जम्मू कश्मीर वाली वैष्णोरानी मां अष्ट भुजाधारी दुर्गा भक्तों को आशीर्वाद की मुद्रा में मां महाकाली, महालक्ष्मी, सरस्वती माता भी शेरों के साथ विराजित आकर्षक दरबार सजाया गया है। दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक वाली मैय्या की झांकी स्थापना 75वाँ वर्ष अध्यक्ष प्रशांत चौरसिया सहयोगी आलोक चौरसिया , निमित चतुर्वेदी मुकुल चौरसिया, संजय शाक्य मास्साब,विश्वास सेटम रैकवार, कल्लू शाक्य ,विक्रम शाक्य, रवि शंकर पप्पू यादव ,चंद्रेश नामदेव आदि हैं। देवी भवानी तीन शेरों के रथ में विराजित हैं जो भक्तों को आशीर्वाद देते की मुद्रा में हैं।

**विराजी मां काली कंकाली गुदावल वाली**चल माई काली माई श्रीरामलीला ग्राउंड की प्रतिमा स्थापना का सफलता के इस साल 49वा वर्ष। काली कंकाली धाम गुदावल की तरह प्रतिमा दर्शाई गई है।युवाओं की टीम मेहनत कर सजावट में जुटी हुई है। पांचवें दिन माता महाकाली का चांदी का मुकुट छात्र चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

**झूले में बैठी जगदंबा भवानी** दुर्गोत्सव समिति मिश्र तालाब घाट वार्ड 9 में मां भवानी सौम्य रूप में पालने में झूलती मुद्रा में दर्शाया गया है। मूर्ति बंगाली शैली में निर्माण कराई गई है। दुर्गा झांकी प्रतिमा स्थापना का 30वा वर्ष है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा क्रमांक 24/2 रकवा 3.2380 हे0 पटवारी हल्का बागोद ग्राम वरोला तहसील रायसेन जिला रायसेन एवं खसरा क्रमांक 23/2 रकवा 4.0470 हे. में से 7.00 एकड़ स्थित पटवारी हल्का बागोद ग्राम वरोला तहसील रायसेन जिला रायसेन को विक्रेता राशिद जमील पुत्र जाहिद जमील एवं श्रीमति मीरा जमील पत्नि जाहिद जमील से क्रयता नईम उल्ला खॉ पुत्र करीम उल्लाह खॉ निवासी मउपथरई सालेरा तहसील व जिला रायसेन द्वारा क्रय की जा रही है। इस आम सूचना के प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, या कानूनी वारिस को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा है तो वह इस सूचना के प्रकाशित होने के 07 दिन के भीतर स्वंय या अपने अधिकृत अभिभाषक / वकील के माध्यम से सक्षम न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करा सक्ता है। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि इस मामले में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। इसके पश्चात अगली कार्यवाही की जाएगी और जिसके लिए बाद में कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। यह सूचना आज दिनांक 17-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर के तहत जारी की गई है।

नईम उल्ला खॉ पुत्र करीम उल्लाह खॉ
निवासी - मउपथरई तहसील व
जिला रायसेन

